ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, रविवार 01 दिसम्बर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 268

शिंदे मुंबई रवाना, कहा- महाराष्ट्र का CM कल तय होगा:दावा- महायुति में मतभेद नहीं; लेकिन गृह मंत्रालय के सवाल पर चुप्पी साधी



कहा- सीएम भाजपा का होगा, यह तय हो गया है और शिवसेना-NCP से 1-1 डिप्टी CM होगा। सूत्रों के मुताबिक, शाह से चर्चा के बाद भी विभागों को लेकर गठबंधन में खींचतान मची हुई है। भाजपा गृह, राजस्व, उच्च शिक्षा, कानून, ऊर्जा, ग्रामीण विकास अपने पास रखना चाहती है। उन्होंने शिवसेना को हेल्थ, शहरी विकास, सार्वजनिक कार्य, उद्योग ऑफर किया है। वहीं NCP अजित गुट को वित्त, योजना, सहयोग, कृषि जैसे विभाग देने की पेशकश की है।दोबारा सेलिंग क्लब पहुंचे केंद्रीय मंत्री सिंधिया माधव नेशनल पार्क के सीसीएफ उत्तम शर्मा का कहना हैं कि मधुमक्खियों ने कुछ लोगों को काट लिया था। इसके चलते कुछ देर के लिए कार्यक्रम को रद्द कर दिया था। बाद में केंद्रीय सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोबारा सेलिंग क्लब पहुंचे। यहां उन्होंने ड्रेजिंग मशीन उदघाटन किया। साथ ही झील से जलकुंभी हटाते हुए भी देखी। जुलाई 2022 में रामसर साइट किया था घोषित माधव नेशनल पार्क स्थित चांदपाठा (सांख्य सागर) झील को रामसर साइट में जुलाई 2022 में शाामिल कर लिया गया था। बता दें कि भोपाल का भोजताल प्रदेश की पहली रामसर साइट थी। इसके बाद चांदपाठा (सांख्य सागर) झील प्रदेश को प्रदेश की दूसरी रामसर साइट का दर्जा मिला था।

इस झील में हजारों की संख्या में मगरमच्छ हैं। इसके चलते इस झील के मगरमच्छों को रामसर साइट का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया था। इसके बाद 10 दिसंबर को माधव नेशनल पार्क में एक नर और मादा बाघ को छोड़ा गया था। बाद एक मादा बाघिन को ओर छोड़ दिया गया। यहां पीएम मोदी के जन्मदिन पर दो शावकों के जन्म की खुशखबरी भी केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने दी थी।

24 न्यूज अपडेट

मुंबई. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे आए 8 दिन बीत चुके हैं, लेकिन मुख्यमंत्री को लेकर स्थित अभी भी साफ नहीं हुई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने शनिवार को कहा कि नई सरकार का शपथ ग्रहण 5 दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान में होगा। प्रधानमंत्री मोदी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।कार्यवाहक CM एकनाथ शिंदे दो दिन से अपने पैतृक गांव सातारा में हैं। कल उनकी तबीयत बिगड़ गई। मुंबई से डॉक्टर आए। अब वे ठीक हैं। रविवार को शिंदे सातारा के एक मंदिर गए और कुछ देर बाद मीडिया से बातचीत की।

उन्होंने कहा, 'मैं अब ठीक हूं। व्यस्त चुनावी कार्यक्रम के बाद मैं यहां आराम करने आया था। महायुति में कोई मतभेद नहीं है। CM पर फैसला पीएम मोदी और अमित शाह लेंगे। 2 दिसंबर को महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री तय होगा।' गृह मंत्रालय पर खींचतान को लेकर उनसे तीन बार सवाल किया गया। शिंदे ने जवाब नहीं दिया। शाम को वे मुंबई निकल गए।

सूत्रों के मुताबिक 3 दिसंबर को भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। दिल्ली से दो ऑब्जर्वर मुंबई आएंगे और विधायकों से चर्चा के बाद आधिकारिक रूप से CM फेस अनाउंस करेंगे। डिप्टी CM अजित पवार ने शनिवार को

केजरीवाल बोले- दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से गठबंधन नहीं:AAP अकेले चुनाव लड़ेगी; दिल्ली की खराब कानून व्यवस्था के लिए शाह जिम्मेदार



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली.दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव आम आदमी पार्टी (AAP) अकेले अपने दम पर लड़ेगी। कांग्रेस पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा।


दिल्ली में विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है। यानी अगले साल जनवरी में किसी भी समय विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है। फरवरी में चुनाव होंगे और नई सरकार का गठन होगा।

लोकसभा चुनाव से पहले आप और कांग्रेस विपक्षी गठबंधन INDIA का हिस्सा हैं। दिल्ली में लोकसभा चुनाव दोनों एक साथ लड़े थे। हालांकि इसमें दोनों पार्टियों को कोई भी सीट नहीं मिली। अक्टूबर में हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले AAP और कांग्रेस के बीच सीट-बंटवारे को लेकर समझौता नहीं हो सका था। इसके बाद दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था।

केजरीवाल बोले- पानी फेंके जाने की घटना के लिए शाह जिम्मेदार

केजरीवाल ने शनिवार को अपने ऊपर पदयात्रा के दौरान पानी फेंके जाने की घटना के लिए भी BJP और गृह मंत्री अमित शाह को दोषी ठहराया है। उन्होंने कहा कि मुझे लगा था कि अमित शाह दिल्ली की कानून व्यवस्था सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश देंगे, लेकिन उन्होंने मुझ पर ही हमला करा दिया।

EVM हैक करने का दावा करने वाले पर FIR:आरोपी ने कहा था- 53 करोड़ दो, महाराष्ट्र में 63 सीटों की EVM हैक कर देंगे



24 न्यूज अपडेट

मुंबई. चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) हैक करने का दावा करने वाले सैयद शुजा के खिलाफ FIR दर्ज कराई है। 30 नवंबर को साउथ मुंबई के साइबर पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (BNS) और IT एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। 14 नवंबर को सैयद शुजा का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वो दावा कर रहा था कि वह महाराष्ट्र चुनावों में इस्तेमाल की जाने वाली EVM को हैक कर सकता है। उसने नेताओं को ऑफर भी दिया था कि 53 करोड़ देने पर 63 सीटों की EVM हैक कर देगा। महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) ने कहा कि EVM हैक करने के दावे बिल्कुल निराधार, झूठे और अप्रमाणित हैं।

हैकर शुजा ने नेताओं को चुनाव जिताने का लालच दिया था

महाराष्ट्र चुनाव के दौरान सैयद शुजा ने कुछ नेताओं से चुनाव जिताने के लिए संपर्क किया था। उनसे दावा किया था कि वह अमेरिकी रक्षा विभाग की तकनीक का इस्तेमाल करके EVM हैक कर सकता है। इसके लिए वो पैसे लेगा। शुजा का कहना है कि वह अमेरिकी रक्षा विभाग में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करता है। शुजा ने 2019 में भी यही दावा किया था लंदन में 21 जनवरी 2019 को सैयद शुजा ने भारतीय पत्रकार संघ (IJA) की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी ऐसा दावा किया था। शुजा ने कहा था कि उसने 2009 से 2014 तक इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ICIL) के साथ काम किया। 2014 के लोकसभा चुनावों में इस्तेमाल की गई EVM बनाने वाली टीम का हिस्सा था। तब उसने कहा था कि इन मशीनों के साथ स्पेसिफिक फ्रीक्वेंसी का इस्तेमाल करके छेड़छाड़ की जा सकती है।

शुजा ने यह भी दावा किया था कि 2014 लोकसभा चुनाव में EVM को हैक किया गया था और उसी के दम पर बीजेपी की जीत हुई थी। पूर्व कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने इन दावों को मुद्दा बनाया था और EVM की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए थे।

पश्चिम बंगाल में डॉक्टर ने क्लिनिक में तिरंगा लगाया:मैसेज लिखा- बांग्लादेशी मरीज झंडे को सलाम करें, तभी इलाज होगा



24 न्यूज अपडेट

बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमले के विरोध में पश्चिम बंगाल में कुछ डॉक्टरों ने बांग्लादेशी मरीजों का इलाज करने से इनकार कर दिया है। सिलीगुड़ी में डॉक्टर शेखर बंदोपाध्याय ने अपने प्राइवेट क्लिनिक में तिरंगा लगाया है।

डॉक्टर ने झंडे के साथ मैसेज में लिखा- भारत का राष्ट्रीय ध्वज हमारी मां की तरह है। कृपया चैंबर में एंट्री करने से पहले तिरंगे को सलाम करें। खासकर बांग्लादेशी मरीज, अगर वे सलाम नहीं करते हैं, तो उन्हें अंदर आने नहीं दिया जाएगा।

डॉक्टर बोले- मेरे देश में आकर तिरंगे का सम्मान जरूर करें- डॉक्टर शेखर बंदोपाध्याय उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ENT विभाग में विशेष चिकित्सा अधिकारी के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा- मुझे यह देखकर दुख हुआ कि बांग्लादेश में हमारे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान हो रहा है।

एक डॉक्टर के तौर पर मैं मरीजों को मना नहीं करना चाहता, लेकिन जो लोग मेरे देश में आते हैं, उन्हें हमारे झंडे, हमारी मातृभूमि का सम्मान करना चाहिए। ऐसा लगता है कि बांग्लादेश तालिबानी मानसिकता में चला गया है।

दूसरे डॉक्टर बोले- वे किसी बांग्लादेशी मरीज का इलाज नहीं करेंगे-एक अन्य डॉक्टर, जनरल सर्जन और चाइल्ड स्पेशलिस्ट चंद्रनाथ अधिकारी ने घोषणा की है कि वे अपने प्राइवेट क्लिनिक में किसी भी बांग्लादेशी मरीज का इलाज नहीं करेंगे। डॉक्टर ने कहा, मैं बोलपुर के एक सरकारी अस्पताल से जुड़ा हुआ हूं।


संघ प्रमुख भागवत बोले- 3 बच्चे पैदा करें:जनसंख्या में कमी चिंता का विषय, वृद्धि दर 2.1% से नीचे तो समाज नष्ट हो जाएगा



24 न्यूज अपडेट

नागपुर. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जनसंख्या में कमी को चिंता का विषय बताया है। भागवत ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि दर 2.1% से नीचे नहीं होनी चाहिए। इसके लिए 2 की बजाय 3 बच्चे पैदा करें। यह संख्या इसलिए जरूरी है, ताकि समाज जिंदा रहे। देश की जनसंख्या नीति 1998-2002 में तय की गई थी। इसके अनुसार अगर किसी समाज की जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे चली जाती है, तो वह समाज अपने आप नष्ट हो जाएगा। भागवत रविवार को नागपुर में कठाले कुल सम्मेलन में एक सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा- कुटुंब समाज का हिस्सा है और हर परिवार एक इकाई है।

जय शाह ने ICC चेयरमैन का पद संभाला:36 साल के शाह सबसे युवा चीफ, कहा- महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे



24 न्यूज अपडेट

स्पोर्ट्स डेस्क. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सचिव जय शाह ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी ICC का चेयरमैन पद संभाल लिया है। न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले की जगह लेने वाले 36 साल के जय शाह ICC के सबसे कम उम्र के चेयरमैन बन गए हैं।

ICC ने सोशल मीडिया पोस्ट में इस बात की जानकारी दी। संस्था ने रविवार को लिखा- ICC चेयरमैन के तौर पर जय शाह का कार्यकाल शुरू होने के साथ ग्लोबल क्रिकेट का नया चैप्टर शुरू हुआ है। पद संभालने के बाद शाह ने अपने पहले बयान में कहा कि क्रिकेट के अलग-अलग फॉर्मेट्स को बढ़ावा मिले और महिला क्रिकेट में और तेजी लाना हमारी प्राथमिकता है।

शाह बोले- क्रिकेट को ज्यादा आकर्षक बनाने के लिए काम करेंगे

शाह ने कहा, "ICC अध्यक्ष की भूमिका के लिए चुने जाने पर डायरेक्टर्स और मेंबर बोर्ड्स के समर्थन और भरोसे के लिए आभारी हूं। ग्लोबल क्रिकेट में अपार संभावनाएं हैं और मैं हर मौके पर खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए ICC टीम और सदस्य देशों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।"

जय शाह निर्विरोध ICC चेयरमैन चुने गए थे

ICC के चेयरमैन ग्रेग बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर को खत्म हुआ था। वे 2020 से इस पद पर थे। ICC ने 20 अगस्त को बताया था कि बार्कले तीसरा कार्यकाल नहीं लेंगे। इसके बाद नए चेयरमैन के लिए आवेदन मांगे गए। नॉमिनेशन फाइल करने की आखिरी तारीख मंगलवार, 27 अगस्त तक जय के अलावा पद के लिए किसी और ने नॉमिनेशन नहीं भरा था। ऐसे में चुनाव नहीं हुआ और वे निर्विरोध चुन लिए गए।

संपादकीय : श्रुति और स्मृति

प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम में एक महत्त्वपूर्ण, लेकिन उपेक्षित विषय को देशवासियों के सामने रखा है। वह है मौखिक इतिहास परंपरा, जो अंग्रेजी शब्दावली 'ओरल हिस्ट्री ट्रेडिशन' के नाम से प्रसिद्ध है। इतिहास, परंपराओं, घटनाओं आदि को दो स्वरूपों में जाना और समझा जा सकता है। एक लिखित रूप में, जिसका समकालीन संसार में वर्चस्व है और दूसरा मौखिक रूप में होता है, जिसमें एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक ज्ञान का प्रवाह चलता रहता है। लिखते समय व्यक्ति अपने और समाज के प्रति जो पूर्वाग्रह रखता है, वह लेखन को औपचारिक बना देता है। फिर विषय का अनुशासन प्रवाह को नहर का रूप देता है। मगर जब हम व्यक्ति से उसके जीवन के अनुभवों को, उसके द्वारा पूर्वजों से प्राप्त जानकारियों को और उसके सामाजिक-राजनीतिक परिवेश में उपलब्ध यथार्थ को टटोलते हैं तो अनेक मौलिक बातें सामने आती हैं जो उनकी दृष्टि में महत्त्व का नहीं होता है, लेकिन सामाजिक-राजनीतिक एवं सांस्कृतिक पक्षों को समझने के लिए उसकी उपयोगिता होती है। मौखिक इतिहास परंपरा विषय के कठोर अनुशासन और औपचारिकता, दोनों से बिल्कुल मुक्त रहता है। मौखिक इतिहास परंपरा की एक और खासियत है। यह जानकारी के फलक को बड़ा बना देता है। लिखित इतिहास पर चाहे अनचाहे कुलीनों और विशेषज्ञों का एकाधिकार होता है। उसका परिणाम पूरी दुनिया देख रही है। जो लिखा हुआ परोसा जाता है और जो लोग अपनी बुद्धि-विवेक से जानते और समझते हैं, उसके बीच बड़ी खाई है। द्वितीय विश्वयुद्ध पर जो लिखा गया और जो हकीकत था, उसमें अंतर महसूस हुआ। अमेरिकी इतिहासकार स्टड तारकेल ने द्वितीय विश्वयुद्ध होने और उसके परिणामों से जुड़े दुनिया भर के लोगों का साक्षात्कार किया जो 'द गुड वार' के नाम से प्रकाशित हुआ । हम सब इस विडंबना से सुपरिचित हैं कि पाश्चात्य जगत की कही गई बातें और किया गया काम पूरी दुनिया की कही और की गई बात के रूप में मान लिया जाता है। यह ज्ञान और समझ का उपनिवेशवाद अब भी जारी है। भूगोल और राजनीति पर साम्राज्यवाद का अंत हो गया, पर विचारों का स्वराज अभी भी सूर्योदय से दूर है। भारतीय दार्शनिक प्रो कृष्ण चंद्र भट्टाचार्य ने 1931 में आशुतोष मेमोरियल व्याख्यान (कोलकाता) में इस बात को बखूबी रखा था कि कैसे पाश्चात्य जगत उपनिवेश के लोगों के मन मस्तिष्क को धीरे-धीरे अपने प्रभाव क्षेत्र में ले लेता है और वे दासत्व को अपनी प्रगति और आधुनिकता मान बैठते हैं। पर उनका भाषण जो भारतीय पाठ्यक्रम का अनिवार्यतः हिस्सा होना चाहिए, वह भी आंखों से ओझल है। सांकेतिकता ने हमारे विमर्श, समझ, अभिव्यक्ति और ज्ञान-बोध को इतना जकड़ लिया है कि हम किसी विषय की गहराई में जाने से परहेज करते रहते हैं । इसी विडंबना का परिणाम है कि मौखिक इतिहास परंपरा का जनक अमेरिकी इतिहासकार डा अल्लान नेविंस को माना जाता है। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय में (1963) मौखिक इतिहास का कार्य शुरू किया था। आठ हजार साक्षात्कारों को दर्ज किया गया, जो दस लाख पृष्ठों में लिखित रूप से हुआ। मौखिक इतिहास परंपरा पर जो लेख लिखे जाते हैं या भाषण दिए जाते हैं, उसमें इसी को मौखिक इतिहास परंपरा की शुरुआत मान लिया जाता है। इसका एक निहितार्थ होता है कि नेविस से पहले दुनिया इस विधा से वंचित थी। ऐसा मानना पूरे संसार की ज्ञान परंपरा और शैली को पश्चिम के ज्ञान के साम्राज्यवाद के हवाले कर देना है। सच्चाई यह है भारत मौखिक इतिहास परंपरा का जन्मस्थल है। प्राचीन समय से हम अपने व्यक्तिगत और सामुदायिक परंपराओं और संस्कृति को लोक-कथा, लोक नृत्य, लोक गीतों द्वारा अभिव्यक्त करते रहे हैं। जितना हमारे पास लिखित सामग्री है, उससे कई गुना अधिक अलिखित सामग्री इतिहास के प्रवाह में विद्यमान है। लिखित सामग्री श्रुति और स्मृति के रूप में विद्यमान है। हमने मस्तिष्क के स्वावलंबन को ज्ञान- प्रवाह में अनिवार्य माना है। इसे 'स्मृति' कहते हैं। जातक कथाएं, पंचतंत्र (पांचवी सदी), कथा सरितसागर (ग्यारहवीं सदी) श्रुति स्मृति के पुस्तकाकार रूप में उदाहरण हैं। रामलीला और रासलीला के अतिरिक्त स्थानीय स्तरों पर अनेक और अनंत स्वरूप ने श्रुति स्मृति की परंपरा सभ्यता और संस्कृति की धरोहरों को मृत नहीं होने दिया। प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' में उठाए जाने के तीन आयाम हैं। पहला, देश के विश्वविद्यालय या पुस्तकालय इस विधा को पुनर्जीवित कर विस्मृत हो रही घटनाओं, जानकारियों को एकत्रित करें। देश के बंटवारे को ही लें। लाखों लोग प्रभावित हुए और उसके कारण, प्रक्रिया और परिणाम के साक्षी थे। उनके प्रत्यक्ष अनुभवों को हम बटोर नहीं पाए। यह भारत के इतिहासकारों की सबसे बड़ी त्रासदी है। न ही आपातकाल से जुड़े लोगों का दास्तान एकत्रित कर पाए। नेहरू मेमोरियल म्यूजियम लाइब्रेरी ने इस काम को बखूबी आगे बढ़ाया था। पर एक ही प्रकार के वैचारिक पक्ष के लोगों का मौखिक इतिहास एकत्रित किया गया। देश के बड़े विश्वविद्यालयों/ पुस्तकालयों ने इसे भी जरूरी नहीं समझा। प्रधानमंत्री की मौखिक इतिहास दृष्टि भारतीय सभ्यता के बिखरे हुए असीमित आयामों को जोड़ने के लिए महत्त्वपूर्ण संदेश है। इस संबंध में शिक्षा से जुड़े हुए सभी सगठनों, खासकर शिक्षा मंत्रालय का योगदान अपेक्षित है। दूसरा, श्रुति स्मृति का कठोर सत्य सामने आता है। जयप्रकाश नारायण, जगजीवन राम, आचार्य जेबी कृपलानी जैसे लोगों द्वारा दिया गया साक्षात्कार मौखिक इतिहास के रूप में उपलब्ध है। उन पर या उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकों से कई गुणा अधिक उनके सामाजिक-राजनीतिक जीवन, समकालीन राजनीतिक परिवेश की समझ बनती है। तीसरा, इससे बड़े प्रामाणिक ज्ञान और छोटे अप्रामाणिक ज्ञान का कृत्रिम अंतर समाप्त हो पाएगा। ज्ञान का लोक से जीवंत जुड़ाव हो पाएगा। लेकिन मौखिक इतिहास को श्रुति - स्मृति में ढालना आसान नहीं है। यह गंभीर कार्य है। साक्षात्कार करने वाले की अपनी विद्वता, समझ और जैसे मकड़ा जाल बुनता है, वैसी क्षमता आवश्यक है। यह तभी संभव है, जब विश्वविद्यालय इसे चुनौती के रूप में लें। हजारों साल की सभ्यता में हम अपनी परंपराओं और जानकारियों को विस्मृत होते देख रहे हैं। प्रधानमंत्री इसी बेसुधपने को संबोधित कर रहे थे।

ऐसे होती हैं जांच, लापरवाही की हद, थाइलैण्ड की महिला पर गोली चलाने के आरोपी को कोर्ट से जमानत, पीड़िता के बयान महिला अधिकारी से क्यों नहीं करवाए???



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। 22 दिन पहले थाइलैण्ड की महिला पर होटल में शराब पार्टी के दौरान गोली चलाने के चर्चित मामले में अनुसंधान अधिकारी की ओर से अनुसंधान में लापरवाही के चलते कोर्ट ने एक आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया है। इस मामले में अब तक पिस्टल नहीं मिली है। इसके अलावा अनुसंधान में जो पुलिस ने लापरवाही बरती है उस पर कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। क्या पुलिस जांच के दौरान सामान्य नियमों का भी पालन नहीं करती है। पीड़िता के बयान महिला अधिकारी से नहीं करवाए। आपके बता दें कि चित्रकूट नगर में होटल रत्नम के मैनेजर भावेश वैष्णव की ओर से 8 नवम्बर को गोली चलने के बाद रिपोर्ट दी गई थी। इसमें कहा गया था कि अक्षय खूबचंदानी उसके दोस्तों के साथ आया और शराब पार्टी कर रहे थे। रात डेढ़ बजे विदेशी से लडक़ी आई और अक्षय के 104 नम्बर रूम में में चली गई। यहां से सब रेस्टोरेंट में गये और वापस आकर शराब पीने लग गए। रात को करीब 3.40 बजे थाईलेण्ड से आई युवती को गोली मार दी गई। पूरे मामले में न्यायिक अभिरक्षा में आदर्श नगर भूपालपुरा के रहने वाले महिम पुत्र नंदकिशोर चौधरी ने वकील संजय गुप्ता के माध्यम से जमानत अर्जी दी। इसमें कहा गया कि मुवक्किल का एफआईआर में नाम ही नहीं है और उससे कुछ भी बरामद नहीं हुआ है। दूसरी ओर अभियोजन पक्ष के अपर लोक अभियोजक पृथ्वीराज तेली ने मामला गंभीर प्रकृति होने की बात कहते हुए जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध किया। अपर जिला एवं सेशन न्यायालय क्रम-4 के पीठासीन अधिकारी जितेन्द्र गोयल ने केस डायरी का अवलोकन किया तो पाया कि विदेशी युवती को जान से मारने के लिए गोली चलाने का आरोप है। प्रथम दृष्टया रिपोर्ट नामजद नहीं है। राहुल की ओर से गोली चलाना बताया गया है। पीड़िता के बयान में आरोपी का घटना में शामिल होना सिद्ध नहीं हुआ। उपयोग में ली पिस्टल बरामद नहीं हुई। मामला विदेशी महिला का है जो भारत में ई बिजनेस वीजा के तहत भ्रमण पर आई थी, उसकी साथ हत्या के प्रयास एवं लैंगिक उत्पीडऩे से सम्बन्धित है। अनुसंधान अधिकारी की ओर से पीड़िता के बयान महिला अधिकारी से करवाये जाने चाहिए थे लेकिन उनके द्वारा नहीं किए गए। जो सामग्री जब्त की गई उसमें भी त्रुटियां रखी गई। जब्तगी पर हस्ताक्षर नहीं है। अनुसंधान अधिकारी ने गैर जिम्मेदारानापूर्वक अनुसंधान किया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अनुसंधान अधिकारी की अस्पष्ट एवं अपारदर्शिता कार्यशैली दर्शाता है। जमानत के आदेश की एक प्रति पुलिस महानिदेशक जयपुर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को भेजने के आदेश दिए जाते है। आरोपी महिम चौधरी को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिये जाते हैं। आपको बता दें कि युवती (24) साल की है। थाईलैंड की रहने वाली है। घटना के समय वह युवती नशे में थी और पूछताछ में सहयोग नहीं कर रही थी। चार दिन से दोस्त के साथ उदयपोल (माली कॉलोनी) स्थित होटल वीर पैलेस में ठहरी हुई थी। मामले में उदयपुर की सुखेर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया था कि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के आधार पर पता चला, महिला एस्कॉर्ट सर्विस से जुड़ी हुई थी, जिसकी आरोपी ध्रुव नामक युवक से काफी लंबे समय से पहचान थी. ध्रुव ने उसे सुखेर थाना क्षेत्र स्थिति होटल में बुलाया था।

देश का प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड उदयपुर पुलिस को



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 1 दिसंबर। नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में उदयपुर पुलिस को उनके कार्यक्रम हेलो मम्मी और लेडी पेट्रोल टीम के गठन एवं उत्कृष्ट कार्य पर सिल्वर स्कॉच अवार्ड प्रदान किया गया। यह पुरस्कार सबसे स्वतंत्र पुरस्कार है और सरकार के काम का एक स्वतंत्र मूल्यांकन है। स्कॉच अवार्ड एक स्वतंत्र संगठन द्वारा प्रदत्त देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, यह पुरस्कार उन लोगों मंडलों और सहयोगियों को प्रदान किया जाता है जो भारत को एक बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करते हैं। उल्लेखनीय है कि सिल्वर अवार्ड भारत में तीन जिलों को प्रदान किए गए जिसमें बड़ौदा को साइबर कार्य के लिए बीकानेर को पुलिस पब्लिक पंचायत के लिए और उदयपुर को हेलो मम्मी ग्रुप और लेडी टीम के गठन के लिए बीकानेर के लिए बीकानेर रेंज के महानिरीक्षक श्री ओमप्रकाश आईपीएस को, उदयपुर के लिए श्रीमती चेतना भाटी डीवाईएसपी को पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि कोरोना के समय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा के निर्देशन पर तीन महिला पुलिस अधिकारियों श्रीमती चेतना भाटी, श्रीमती प्रेम धंदे एवं श्रीमती सुधा पालावत ने हेलो मम्मी ग्रुप का गठन किया था जिसका उद्देश्य कर्फ्यू ग्रस्त क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं को मदद पहुंचाना था, इस ग्रुप के द्वारा कई महिलाओं को एंबुलेंस डॉक्टर दवाइयां व अन्य जानकारी की मदद पहुंचाई गई वर्ष 2016 में सबसे पहले राजस्थान में लेडी पुलिस पेट्रोलिंग टीम का गठन किया गया जिसकी यूनिफॉर्म का कलर पहली बार ब्लू रखा गया जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं बच्चियों एवं पर्यटकों को मदद पहुंचाना है सर्वप्रथम इस पेट्रोलियम टीम की शुरूआत उदयपुर से करी गई उसके बाद में उसे राजस्थान के अन्य जिलों में भी लागू किया गया है।

एसओजी-एटीएस ने 9 पिस्टल, 13 कारतूस के साथ 2 आरोपी पकड़े



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर की सुखेर थाना पुलिस ने एसओजी और एटीएस की सहयोग से 9 अवैध पिस्टल और 13 कारतूस के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि आरोपी तोसिफ से 5 पिस्टल और एजाज से 4 पिस्टल पकडी व दोनों को गिरफ्तार किया गया। दोनों मध्य प्रदेश के रतलाम के हैं। तोसिफ उदयपुर के मल्लातलाई इलाके में बहन के यहां रह रहा है। एजाज रतलाम में रहता है।एसपी योगेश गोयल ने बताया कि तोसिफ ने एजाज सहित अन्य आर्म्स सप्लायर से 9 पिस्टल मंगाए थे। दोनों के खिलाफ सुखेर थाने में आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किए गए है। सुखेर थाना पुलिस ने एसओजी और एटीएस की सहयोग से 9 अवैध पिस्टल और 13 कारतूस के साथ 2 ारोपियों को गिरफ्तार किया है। उदयपुर की सुखेर थाना पुलिस ने एसओजी और एटीएस की सहयोग से 9 अवैध पिस्टल और 13 कारतूस के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी गोयल ने बताया कि जांच में सामने आया कि पूर्व में एटीएस द्वारा पकड़े कुछ आरोपियों को इन्होंने ही पिस्टल सप्लाई की थी। कुछ दिन पकड़े गए आरोपी बड़ा मेवाती को भी पिस्टल के साथ पकड़ा था। जिसे तोसिफ ने ही हथियार सप्लाई किए थे। एसपी ने बताया कि पिस्टल देखने से लगता है कि सभी नए हैं और अभी उपयोग में नहीं लिए गए। एमपी में मुख्यत रतलाम, जावरा और खरगोन आदि से अक्सर पिस्टल सप्लाई की शिकायतें आती हैं। दोनों पकड़े गए आरोपी इन पिस्टल को किस उद्देश्य से लाए थे और कहां सप्लाई करना चाह रहे थे। इस संबंध में पूछताछ जारी है।

उदयपुर के डॉ. मनु मोदी को मिला राज्य स्तरीय सम्मान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 1 दिसम्बर। विश्व एड्स दिवस के मौके पर राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उदयपुर जिल एड्स नियंत्रण सोसाइटी के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनु मोदी को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। जयपुर में राजस्थान स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के सभागार में आयोजित इस समारोह में राज्य की स्वास्थ्य सचिव डॉ. गायत्री राठौड़ ने डॉ. मनु मोदी को सम्मानित करते हुए सम्मान पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर डायरेक्टर एड्स शाहीन अली खान, अतिरिक्त निदेशक डॉ. केसरी सिंह, कई गणमान्य अतिथि और कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी की उदयपुर इकाई का राष्ट्रीय स्तर पर भी गौरवशाली स्थान है। इससे पूर्व भी डॉ मनु मोदी को जिला एड्स नियंत्रण सोसाइटी में दी गई उल्लेखनीय सेवाओं के लिए डॉ. मनु को दो बार जिला स्तरीय सम्मान प्राप्त हो चुका है।

उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं के लिए सिनियर नर्सिंग आंफिसर चेतना भटनागर का सम्मान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन उदयपुर के जिलाध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष व प्रवीण चरपोटा के नेतृत्व में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर चेतना भटनागर के उत्कृष्ट नर्सिंग सेवा एवं व्यवहार के लिए माला, उपरणा, पगड़ी व शोल ओढ़ाकर , प्रसंशा पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि मुख्य अतिथि नर्सिंग अधीक्षक गीता आहारी , ओमप्रकाश पालीवाल व हसीना आहरी थी। विशिष्ट अतिथि कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत आमेटा व सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष परमार ने किया। सभी वक्ताओं ने चेतना भटनागर के शांत स्वभाव व कार्यो की खुब प्रसंसा की। कार्यक्रम में गणेश लाल डांगी , जितेंद्र भटनागर, जगदीश व दिनेश सिसोदिया , विक्रम पाल सिंह, सुर्य प्रकाश चौहान,सुजा जोर्ज, सुनीता सिंह, उर्मिला मीणा, अर्चना भाटी, प्रवीण सुथार, सज्जन राठौड़, पुष्पा मलवारी, बिंदु,तारा सांगवाल, गीता मीणा सहित कई सिनियर नर्सिंग आंफिसर उपस्थित थे।

तीन दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता बांसा में जारी



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा। उपखण्ड के फाचर अहिरान ग्राम पंचायत स्थित बांसा ग्राम में तीन दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को भारतीय जनता पार्टी ओबीसी प्रकोष्ठ मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं जिप सदस्य गब्बर सिंह अहीर सहित ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष कैलाश डांगी, घनश्याम अहीर, शिवलाल अहीर, लच्छीराम डांगी, महेश अहीर, शम्भूलाल अहीर आदि खिलाड़ियों की हौसलाफजाई करने पहुंचे। बांसा ग्राम के श्री द्वारीकाधीश कब्बड़ी क्लब के द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में चित्तौडग़ढ़ जिले की 33 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता के आरम्भ में आयोजकों के द्वारा आमंत्रित अतिथियों का उपरना ओढ़ाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर उनको विजयश्री की शुभकामनाऐं दी। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि गब्बर सिंह अहीर ने कहा कि व्यक्ति के संपूर्ण विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेल खेलना भी बहुत जरूरी होता है। खेलों से केवल शारीरिक विकास ही नहीं होता बल्कि व्यक्ति का बौद्धिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास भी होता है, इसलिए खेल हमारे व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन कुल सात मैच खेले गए। इन मैचों में शारीरिक शिक्षक कैलाश चंद्र खटीक, शांतिलाल कीर, जगदीश समदानी, सोहनलाल मेघवाल एवं पुखराज टेलर ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

भाजपा जिला चित्तौड़गढ़ की संगठन महापर्व की द्वितीय कार्यशाला संपन्न



24 न्यूज अपडेट

ओम जैन शंभूपुरा। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला संगठन संरचना पर्व के दुसरे चरण की कार्यशाला रविवार को अंहिसा नगर ओछड़ी स्थित भाजपा जिला जिला कार्यालय पर प्रदेश महामंत्री एवं भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, सांसद सी पी जोशी के सानिध्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मिठ्ठू लाल जाट की अध्यक्षता व जिला संगठन संरचना पर्व प्रभारी मुकेश गर्ग के विशिष्ट आतिथ्य में हुई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक ने बताया कि मुख्य वक्ता दामोदर अग्रवाल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए संगठन में नियुक्तियों को लेकर पार्टी द्वारा तय मापदंडों की जानकारी दी। अग्रवाल ने कहा कि संगठन एवं पार्टी का कार्य करने वाले कार्यकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी। भाजपा ऐसी पार्टी है, जिसमें कार्य करने वाले कार्यकर्ता को प्राथमिकता दी जाती है। अग्रवाल ने कहा कि भाजपा में संगठन के दायित्वों का बदलाव करना एक अनवरत प्रक्रिया है, संगठन में परिवर्तन से प्रत्येक कार्यकर्ता को अवसर मिलता है। अपने नवीन दायित्व को पाकर कार्यकर्ता समर्पण भाव के साथ भाजपा को मजबूत करने को लेकर प्रयास करता है। भाजपा में सभी कार्यकर्ताओं को समानता व समरसता समावेश करते हुए दायित्व मिलता है। यह प्रक्रिया भाजपा के लिए एक पर्व के समान होती है। भाजपा परिवार वाद व जातिवाद से ऊपर उठकर सोचने वाली पार्टी है जिसमें हर वर्ग के कार्यकर्ता को उचित स्थान, दायित्व व सम्मान मिलता है। संगठन संरचना के तहत चित्तौड़गढ़ में भी अच्छे और श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को जोड़कर संगठन को मजबूत करना है।

जयपुर के हाथी गांव में 6 महीने में तीसरी मौत:लंबे वक्त से बीमार चल रही थी, अंतिम संस्कार किया जाएगा



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. जयपुर के आमेर कुंड स्थित हाथी गांव में एक बार फिर हथनी की मौत हो गई है। यहां हथनी तामी (39) पिछले कुछ वक्त से बीमार चल रही थी। वरिष्ठ वन्यजीव पशु चिकित्सक इलाज कर रहे थे। शनिवार देर रात तामी की तबियत बिगड़ गई। ईलाज के दौरान तामी ने दम तोड़ दिया। वहीं, अब वन विभाग द्वारा तामी के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार किया जाएगा। सहायक वन संरक्षक जितेंद्र चौधरी के बताया- हथिनी नंबर 109 तामी लंबे समय से बीमार चल रही थी। वरिष्ठ वन्यजीव पशु चिकित्सक डॉ. अरविंद माथुर की मॉनिटरिंग में हथिनी का इलाज किया जा रहा था। हथिनी को बचाने के लिए पशु चिकित्सकों ने काफी प्रयास किया गया। लेकिन उपचार के दौरान देर रात को हथिनी ने दम तोड़ दिया।

6 महीने में तीसरी मौत

जयपुर के आमेर कुंडा स्थित हाथी गांव में 6 महीने में यह तीसरे हाथी की मौत का मामला सामने आया है। इससे पहले 1 नवंबर के दिन बीमार चल रही हथनी नंबर 133 बोनमाला की मौत हो गई थी। इसकी वजह से दीपावली पर हाथी गांव में गम का माहौल बन गया था। करीब 5 महीने पहले बीमार चल रही 18 नंबर हथनी रूपा की मौत हो गई थी। जबकि 31 मई को सुबह आमेर की ठाठर कॉलोनी में टहलते हुए हथिनी रूपा गश खाकर नीचे गिर गई थी। हथिनी के गिरने से एक मकान की दीवार भी टूट गई थी। इसमें हथनी घायल भी हो गई थी।

हाथियों की संख्या लगभग 72 रह गई

बता दें कि हाथियों को प्राकृतिक और प्रदूषण मुक्त माहौल देने के लिए जयपुर के आमेर में हाथी गांव बसाया गया था। आमेर का हाथी गांव विश्व प्रसिद्ध है। हर साल दुनियाभर के पर्यटक हाथी सफारी का लुत्फ उठाने के लिए हाथी गांव पहुंचते हैं। कुछ साल पहले तक हाथी गांव में पहले 120 से अधिक हाथी हुआ करते थे। लेकिन लगातार हाथियों की संख्या घटती जा रही है। इसके बाद अब हाथी गांव में हाथियों की संख्या लगभग 72 रह गई है। इनमें कई हाथियों की मौत हो गई है। जबकि कुछ हाथियों को दूसरी जगह भेज दिया गया है। ऐसे में हाथी गांव में एक के बाद एक हाथियों की मौत के मामले सामने आ रहे हैं। जिससे न वन्य जीव प्रेमी बल्कि जयपुर आने वाले पर्यटकों में भी मायूसी है।

चलती ट्रेन से गिरी महिला, सिर फटा:उल्टी आने पर कोच का गेट खोला था, बैलेंस बिगड़ने पर गिर पड़ी



24 न्यूज अपडेट

पाली. पाली में रविवार सुबह ट्रेन से गिरने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में महिला का सिर फट गया। जिसे जीआरपी ने पाली के बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जोधपुर रेफर किया गया। महिला की हालात गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार जोधपुर जिले के ओसियां तहसील के पूनासर गांव निवासी 27 साल की हीरा कंवर अपने पति पपाराम के सूर्यनगरी ट्रेन से जोधपुर आ रही थी। रविवार सुबह करीब 3 बजे बाथरूम जाने के लिए उठी। इस दौरान उल्टी होने की शिकायत होने पर कोच का गेट खोला।

इस दौरान चक्कर आ जाने से वह चलती ट्रेन से नीचे गिरकर गई। घटना की जानकारी मिलने पर महिला के पति ने ट्रेन को पुलिंग कर रुकवाया। जीआरपी के जवानों की मदद से घायल हीरा कंवर को उपचार के लिए मारवाड़ जंक्शन हॉस्पिटल ले गए। जहां से पाली रेफर किया गया। हालात गंभीर होने पर पाली से महिला को चिंताजनक हालत में जोधपुर रेफर किया गया। हादसे में महिला के सिर पर गंभीर चोट आई।

भालू ने महिला की खोपड़ी तोड़ी, आंखें बाहर निकली:सिर से चमड़ी समेत बाल उखाड़ दिए, पेट और गर्दन को भी नोचा; हॉस्पिटल में तोड़ा दम



24 न्यूज अपडेट


पाली. पाली में भालू के हमले में 35 साल की महिला की मौत हो गई। हमले में महिला की आखें बाहर निकल गई। सिर से चमड़ी समेत बाल उखाड़ दिए। घटना रविवार सुबह 6:30 बजे सिरियारी कस्बे के निकट जूनी फुलाद गांव में हुई। यह इलाका पाली जिले से 73 किलोमीटर की दूरी पर है। फुलाद गांव निवासी राजेंद्र सिंह ने बताया- महिला संतोष देवी पत्नी राम सिंह रावत आज सुबह 6 बजे बेटे तेजराज के साथ जंगल में लकड़ियां लेने गई थी। पर्वतसिंह की धूणी (मंदिर) के पास वह लकड़ियां तोड़ रही थी। इस दौरान जंगल से निकले भालू ने अचानक उस पर हमला कर दिया। भालू को मां पर हमला करते देख बेटा तेजराज चिल्लाते हुए भागा। चीख पुकार सुन मंदिर का पुजारी और आसपास खेत में काम कर रहे लोग दौड़े। चेहरा बुरी तरह नोचकर जा चुका था भालू लोग पहुंचे इससे पहले ही भालू भाग चुका था। लहूलुहान हालत में संतोष मौके पर तड़प रही थी। परिजन महिला को मारवाड़ हॉस्पिटल ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर पाली के बांगड़ हॉस्पिटल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।

राजेंद्र ने बताया- महिला संतोष का पति राम सिंह रावत अहमदाबाद (गुजरात) में होटलकर्मी है। संतोष के एक बेटी वीणा (14), बेटा राजवीर (12) और तेजराज (8) हैं।

खतरा समझ भालू करता है हमला

जोजावर रेंज के रेंजर विजेंद्र सिंह डाबी ने बताया- भालू किसी भी इंसान को देख खतरा महसूस करता है। इसलिए हमला कर देता है। जहां घटना हुई (पर्वतसिंह की धूणी) वह भी वन एरिया में ही आता है।

जयपुर में बैंक लूटने घुसे चोर, लॉकर नहीं तोड़ सके:दो घंटे अंदर ही घूमते रहे, सामान तोड़ा; फिर वापस भाग गए बदमाश



24 न्यूज अपडेट

जयपुर में देर रात बदमाशों ने राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक में लूट की कोशिश की। 2 घंटे बैंक में ही घूमते रहे, लेकिन लॉकर नहीं तोड़ सके। इसके बाद वापस भाग गए। बस्सी थाना सीआई राजीव यदुवंशी ने बताया- इलाके के झर गांव स्थित राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक में बदमाशों ने देर रात लूट का प्रयास किया।

सीआई बस्सी ने बताया- रात करीब 1 बजे तीन बदमाश बैंक के अंदर घुसे। एक पैन भी लेकर नहीं गए। तीनों ने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। रात 3 बजे वापस भाग गए। बैंक का सेंसर काम नहीं किया। सेंसर काम कर रहे होते तो पता चल जाता कि कोई बैंक में घुस रहा है। बैंक के अधिकारियों का कहना है कि बैंक में सेंसर लगे हुए थे, लेकिन काम क्यों नहीं किया जानकारी नहीं है।

सीआई ने बताया- सुबह ग्रामीणों से मिली जानकारी के बाद पुलिस टीम के साथ मैं भी मौके पर पहुंचा। बैंक में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज चैक की गई। जिस में कुछ बदमाश दिखाई दे रहे हैं। इन चोरों ने वारदात से पहले सेंसर तो खराब नहीं कर दिया था, इस बारे में जांच की जा रही है। मौके पर एफएसएल की टीम साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है।

बैंक का सामान तोड़ा

राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक के ब्रांच मैनेजर गणेश कुमार मीणा ने बताया- बदमाशों ने बैंक के लॉक तोड़कर बैंक में प्रवेश किया। बदमाशों ने बैंक में रखा कुछ सामन तोड़ा हैं। इस संबंध में पुलिस को एक लिखित रिपोर्ट दे दी गई हैं।





शराबी बाइक वाला अचानक सामने आया, सांसद राजकुमार रोत की स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलटी, रोत सकुशल



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। बांसवाड़ा डूंगरपुर से लोकसभा सांसद राजकुमार रोत की स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। सांसद राजकुमार रोत की स्कॉर्पियो रोड के किनारे गड्ढे में गिरी। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हुआ यह हादसा, इस हादसे में बाइक सवार को आई हल्की चोट तुरंत उसे करवाया गया अस्पताल में भर्ती। वही जब यह एक्सीडेंट हुआ उस वक्त गाड़ी में सवार थे सांसद राजकुमार रोत, उन्हें भी रतलाम अस्पताल ले जाया गया। मध्य प्रदेश के झाबुआ से वापस आते समय हुआ हादसा। मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची। हादसे के समय गाड़ी में सवार थे सांसद, नहीं हुई कोई जनहानि नहीं हुई। इस बारे में राजकुमार रोत ने कहा कि उनको रतलाम में रेलगाड़ी से जाना था। बाइक सवार को रोत खुद रतलाम लेकर आए वह शराब पिया हुआ था। बाइक सवार सामने से लहराते हुए आ रहा था। ड्राइवर ने सजगता रखते हुए गाड़ी को साइड में उतार दिया। सांसद रोत की भारत आदिवासी पार्टी के वरिष्ठ नेता व बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल ने बताया कि सांसद की कार का रतलाम में दोपहर करीब 2 बजे के आसपास एक्सीडेंट हुआ था. सांसद अपने स्टाफ के साथ रतलाम जा रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया. फिलहाल सांसद और उनका स्टाफ सुरक्षित हैं. साथ ही उन्हें जिस कार्यक्रम में जाना था, वहां पहुंच गए हैं. ऐसे में अब परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है. दरअसल, रविवार को दोपहर करीब 2 बजे के आसपास सांसद राजकुमार रोत अपने स्टाफ के साथ मध्यप्रदेश के रतलाम जा रहा थे. वहीं, राज्य की सीमा से करीब 10 किलोमीटर दूर कुंडा ग्राम में एक गाड़ी को साइड देने के दौरान कार का एक्सीडेंट हो गया. हालांकि, चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए कार को सीधे नीचे जाने दिया. चालक को लगा कि कार पलट सकती है, इसलिए उसने जानबूझकर कार को नीचे खाई में उतार दिया. इधर, हादसे के बाद सांसद रोत और उनके 3 स्टाफ कार से बाहर निकले और वो अपने गंतव्य रतलाम की ओर बढ़ गए. दुर्घटनाग्रस्त कार को मौके पर ही छोड़ दिया।

सूरत से जयपुर जा रहे ट्रक की चोरी:होटल की बाहर खड़ी कर ड्राइवर गया था घर, 52 लाख रुपए का भरा था माल

24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़. सूरत से जयपुर की तरफ साड़ी भरकर ले जा रहे एक ट्रक की चोरी हो गई। ट्रक में लगभग 52 लाख रुपए का माल भरा हुआ था। ट्रक थाने से लगभग 200 मीटर की दूरी पर ही खड़ी थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी। इस मामले में साइबर टीम की भी मदद ली जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। बताया जा रहा है कि यह मामला किसी राजनेता से जुड़ा हुआ है। मामला भूपालसागर थाना क्षेत्र का है।

होटल के बाहर ट्रक खड़ी कर चला गया था ड्राइवर

आजनखेड़ा, आकोला निवासी कैलाश पुत्र डालचंद्र ढोली ने भूपालसागर में एक रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि वह फतहनगर निवासी देवीलाल रैगर का ट्रक डेढ़ महीने से चला रहा हैं। वह 28 नवंबर को सूरत से 52 लाख रुपए की साड़ियां भरकर निकला था और जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर खाली करना था। वह राजू बुनकर के साथ निकला था।

29 नवंबर को ड्राइवर का अपने साथी राजू बुनकर के साथ अनबन हो गई थी। जिसकी वजह से उसने राजू को वही उतार दिया और माल से भरी हुई ट्रक को कीर की चौकी होकर फतेहनगर तक लाया। यहां आकर उसने अपने ट्रक मालिक के बेटे नरेश रैगर को फोन कर सारी बात बताई। नरेश रैगर के कहने पर उसने गाड़ी को वेलकम होटल



भूपालसागर लेकर आया। नरेश रैगर की मौके पर पहुंच गया था। ड्राइवर नरेश रैगर के साथ वापस फतेहनगर चला गया।

थाने से 200 मीटर की दूरी पर है होटल

30 नवंबर को ड्राइवर जब दोपहर में वापस आया तो ट्रक नहीं मिला। ड्राइवर का कहना है कि होटल मालिक को बिना बताए ट्रक खड़ी कर चले गए थे। यह होटल भी थाने से सिर्फ 200 मीटर की दूरी पर ही स्थित है। ट्रक में जीपीएस लगा हुआ है। ट्रक सहित माल की कीमत लगभग 62 लाख रुपए की है।

सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। मामले की जांच को लेकर साइबर टीम भी भूपालसागर पहुंची। टीम द्वारा लगातार आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। टेक्निकल तरीके से मामले की जांच की जा रही है। जानकारी में आया है कि पुलिस आरोपी तक पहुंच चुकी है और जल्द ही खुलासा करेंगी। बताया जा रहा है कि यह किसी बीजेपी राजनेता से जुड़ा हुआ मामला है।

विश्व विरासत कुंभलगढ दुर्ग पर फेस्टिवल का आगाज:हल्ला पोल से कुंभलगढ किले तक निकाली शोभायात्रा, लोक कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद. राजसमंद में आज विश्व विरासत कुंभलगढ़ दुर्ग परिसर में तीन दिवसीय कुंभलगढ़ फेस्टिवल का आगाज हुआ। इस अवसर पर दुर्ग परिसर में महाराणा कुंभा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शरुआत की गई। इससे पूर्व हल्ला पोल से लेकर कुंभलगढ़ किले तक शोभायात्रा निकाली गई। पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से आयोजित फेस्टिवल में प्रतिदिन सुबह के समय जहां लोक कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाती हैं वहीं रात में शास्त्रीय कलाकारों द्वारा नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। आज पहले दिन पधारो म्हारे देश, लहरिया, कालबेलिया नृत्य सहित लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। वहीं आज शाम 7 बजे 7 बजे रत्ना दत्त कथक, ओडिसी और भरतनाट्यम की प्रस्तुति देंगी। गुजरात सहित बाहर से आए पर्यटकों ने फेस्टिवल का आनन्द लेते हुए खुशी जाहिर की। कुंभलगढ फेस्टिवल हर साल 1 से 3 दिसम्बर तक आयोजित किया जाता है जहां देसी और विदेशी पर्यटक लोक कलाकारों सहित शास्त्रीय संगीत व नृत्य का आनन्द लेते है। 2 दिसंबर, सोमवार को सुबह 7 बजे कैलाश चंद्र मोठीया और ग्रुप वायलिन की प्रस्तुति देंगे, सवाई भाट एवं ग्रुप सूफी गायन की प्रस्तुति देंगे। तीन दिसंबर, मंगलवार को बरखा जोशी एवं ग्रुप कत्थक सहित अन्य लोक गायन की प्रस्तुति देंगी। मोहित गंगवानी और ग्रुप तबला वादन की प्रस्तुति देंगे।

उदयपुर की पहाड़ियों का ड्रोन सर्वेक्षण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 1 दिसंबर। मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यलय के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित भूस्थानिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण शिविर के तहत ड्रोन सर्वेक्षण शिविर का आयोजन हुआ।जयपुर स्थित ड्रोन विशेषज्ञ फर्म अद्वैत टेक इन्नोवेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नीमच माता पहाड़ियों पर डीजीपी एस सर्वे कर ड्रोन का उपयोग कर इमेज खींचने की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया | फील्ड में ड्रोन इमेज खींच कर प्रयोगशाला में इमेज को परिष्कृत कर क्षेत्र की थ्री डी इमेज एवम् डिजिटल एलिवेशन मॉडल बनाना सिखाया गया | प्रशिक्षण समन्वयक एवं भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो सीमा जालान ने बताया कि भूगोल विभाग द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के तत्वावधान में भूस्थानिक प्रौद्योगिकी की एडवांस्ड तकनीकों पर 21 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर दिनांक 25 नवम्बर से 15 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है | इसमें पांच राज्यों के वन, वन्य जीव , मृदा सर्वेक्षण, भूगर्भ सर्वेक्षण इत्यादि सरकारी विभागों एवम् उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित 25 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं |

फंदा लगा विवाहिता ने किया सुसाइड:परिजन बोले -पति ने की हत्या, रोज करता था मारपीट

24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा. एक महिला ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। महिला की मौत के बाद पीहर पक्ष ने पति पर हत्या करने का आरोप लगाकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

मामला मांडल थाना क्षेत्र का है। थाना क्षेत्र के मेजा गांव के बलाई मोहल्ला में रहने वाली एक विवाहिता कांता मेघवंशी (30) ने रविवार को अपने घर पर फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना मिलने पर मांडल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को फंदे से उतरवा मांडल चिकित्सालय की मॉर्च्युरी में रखवाया। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंपा और मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पिता बोले- दामाद मारपीट करता था, उसी ने मारा

सूचना मिलने पर महिला के पिता रायला निवासी भैरूलाल मांडल पहुंचे और अपनी बेटी के शव को रायला ले जाने और वहीं अंतिम संस्कार करने की बात कही। उन्होंने अपने दामाद के खिलाफ अपनी बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है। भैरूलाल ने पुलिस को एक रिपोर्ट दी जिसमें उसने बताया कि उसकी बेटी कांता की शादी बलाई खेड़ा में रहने वाले भेरू के साथ हुई थी। बेटी ने उन्हें बताया कि




उनका दामाद भेरू उसके साथ आए दिन मारपीट करता था।

पति बोला-सोकर उठा तो कमरा बाहर से बंद था

मृतका के पति भेरू ने बताया कि बीती रात वो अपनी पत्नी, दोनों बेटियां खाना खाकर सो गए थे। आज जब उठा तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था, उसने अपने को पत्नी को आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। उसने अपने मिलने वाले को फोन कर कमरे का दरवाजा खोलने के लिए बुलाया। जब वो अंदर आया तो उसने देखा कि महिला कांता कमरे के बाहर बरामदे में फंदे से लटकी हुई है। उसने इसकी जानकारी गांव वालों और सरपंच को दी। मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई।

जयपुर विकास प्राधिकरण में 110 पदों पर होगी भर्तियां!

100 पदों पर कर्मचारी चयन बोर्ड और 10 पदों पर RPSC करेगा भर्ती



24 न्यूज अपडेट

जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) में लंबे समय बाद भर्ती की तैयारी की जा रही है। इसके तहत जूनियर अकाउंटेंट, जूनियर असिस्टेंट, स्टेनोग्राफर और जूनियर लॉ ऑफिसर जैसे 110 पदों पर भर्तियां की जाएगी। इसको लेकर जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कर्मचारी चयन बोर्ड और राजस्थान लोक सेवा आयोग को भर्ती करने का प्रस्ताव भी भेज दिया गया है।

दरअसल, जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कुल 110 पदों पर भर्ती की जानी है। इनमें से 10 पदों पर भर्ती राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्रस्तावित है। इसके तहत जूनियर लॉ ऑफिसर के 10 पदों पर राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं, 100 पदों पर भर्ती कर्मचारी चयन आयोग द्वारा प्रस्तावित है।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया- जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अलग - अलग पदों के लिए 100 पदों पर भर्ती का करने का प्रस्ताव आया है। इनमें जूनियर अकाउंटेंट के 15, जूनियर असिस्टेंट (LDC) के 75 और स्टेनोग्राफर के 10 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए समान पात्रता परीक्षा के प्रावधान के तहत भविष्य में होने जा रही भर्तियों में इसे संयुक्त परीक्षा रूप से शामिल किया जाएगा।

42 साल में 66% से ज्यादा पद खाली

बता दें कि जयपुर विकास प्राधिकरण में लगभग 1900 कर्मचारियों की स्ट्रैंथ है। रिटायरमेंट के चलते गठन से अब तक लगभग 42 साल में 66 % से अधिक पद खाली हो गए हैं। वहीं, मौजूदा स्टाफ में भी बड़ी संख्या में दूसरे विभागों से आए कर्मचारी भी शामिल हैं। ऐसे में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 110 पदों पर कर्मचारियों की भर्ती का प्रस्ताव तैयार कर राजस्थान लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन बोर्ड को भेजा गया है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।